# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–21 जुलाई 2024** **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- कल से शुरू हो रहा है संसद का बजट सत्र, सरकार ने आज बुलाई है सर्वदलीय बैठक ।
- प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर प्रदेशवासियों ने कल छत्तीस करोड़ इक्यावन लाख पौधे लगा कर पेश की मिसाल, मुख्यमंत्री ने किसानों से खेत की मेड़ों पर पौधे लगाने की अपील की।
- नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने तीन और लोगों को किया गिरफ्तार, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एनटीए ने वेबसाइट पर डाला नीट यूजी परीक्षा का शहर वार और केंद्र वार परीक्षा परिणाम।
- अमरोहा जिले में पटरी से उतरी मालगाड़ी, रेल यातायात हुआ प्रभावित

**********

संसद का बजट सत्र कल से शुरू होगा। इस सत्र से पहले सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बजट सत्र कल से शुरू होकर अगले माह की 12 तारीख तक चलेगा । पेश है एक रिपोर्ट–

*संसद का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इस बजट सत्र में सरकार छह नए विधेयक पेश कर सकती है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार 23 जुलाई को लोकसभा में आम बजट पेश करेंगी। नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा था कि कि इस बार का बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण का प्रभावी दस्तावेज होगा। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

**********

प्रदेशवासियों ने कल छत्तीस करोड़ इक्यावन लाख पौधे लगा कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मिसाल पेश की है। इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए कल राज्य में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के तहत एक दिन में छत्तीस करोड़ पचास लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के अकबरनगर में पौधारोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान दे रहे दस पर्यावरण प्रेमी किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दोपहर बाद अपने गृह जनपद गोरखपुर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने शहीद अशफाक उल्लाह खां प्राणि उद्यान में भी पौधारोपण किया। उन्होंने प्रदेशवासियों से कहा है कि सभी को अपने आस–पास और विशेषकर किसानों को अपनी मेड़ों पर पौधे लगाने चाहिए ।

*हम सब जानते है आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरे देशवासियों से श्एक पेड़, मां के नामश लगाने का आह्वान किया था। इसके पीछे की भावना भी यही थी कि दुनिया के अंदर पर्यावरणविद् एक बात को लेकर चिंतित है और वो चिंता है एक ग्लोबल वार्मिंग दुनिया के अंदर जीवसृष्टि के लिए एक नया संकट खड़ा करने जा रहा है। इस अभिलाषा से हम लोगों ने प्रदेश में इस पवित्र अभियान को अपने हाथों में लिया।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों से वैश्विक संस्थाएं कार्बन क्रेडिट के लिए उत्तर प्रदेश को दो सौ करोड़ रुपये का अनुदान दे रही हैं। यह राशि किसान कल्याण पर खर्च की जाएगी।

**********

प्रदेश में इस समय बारह जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इन सभी जिलों में राहत और बचाव कार्य जारी है। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार लखीमपुर खिली, कुशीनगर, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, उन्नाव, बस्ती, हरदोई, अयोध्या, बदायू और बहराइच के छत्तीस तहसीलों के सात सौ पचहत्तर गांव बाढ़ के प्रभाव में हैं। इन गांवों की पांच लाख बासठ हजार पांच सौ तेरह लोगों की आबादी को हरसंभव सहायता मुहैय्या कराई जा रही है। इस बीच, प्रदेश में तीन नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। गोरखपुर में बर्ड घाट पर राप्ती नदी, सिद्धार्थनगर के ककरही में बूढ़ी राप्ती नदी और गोंडा के चंद्रदीपघाट पर क्वानों नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है।

उधर, प्रदेश सरकार ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को सहायता देने, कृषि निवेश और अनुदान समेत अन्य राहत कार्यों के लिए अतिसंवेदनशील और संवेदनशील चालीस जिलों को एक सौ बीस करोड़ की धनराशि जारी की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ से ज्यादा प्रभावित जिलों को पांच पांच करोड़ रुपये, जबकि सामान्य प्रभावित जिलों को एक–एक करोड़ की धनराशि आवंटित की है।

**********

बंगलादेश में आरक्षण विरोधी प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झडपों के परिणाम स्वरूप  तीन सौ से अधिक भारतीय विद्यार्थी स्वदेश लौट आये हैं। इन विद्यार्थियों में ज्यादातर उत्तर प्रदेश के हैं। इंटरनेट सेवा लगभग पूरी तरह ठप्प होने और टेलीफोन सेवाओं पर अधिक असर पडने के कारण भारतीय विद्यार्थियों का अपने परिवारों से सम्पर्क नहीं हो पा रहा था और इसलिए वे अस्थायी तौर पर बंगलादेश से लौटने पर मजबूर हुए। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया है कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**********

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा– नीट पेपर लीक मामले में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दो व्यक्ति राजस्थान के भरतपुर चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थी हैं। उधर, राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी–एनटीए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट–यूजी का शहर–वार और केन्द्र–वार परिणाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एनटीए ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिणाम वेबसाइट पर डाले हैं। परिणाम एनटीए की वेबसाइट नीट डॉट एनटीएऑनलाइन डॉट इन पर उपलब्ध हैं।

एक अन्य घटनाक्रम में, रांची के राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान प्रबंधन ने नीट–यूजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में संलिप्त होने के कारण एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा  को निलम्बित कर जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित किया है।

**********

अमरोहा जिले में कल शाम एक मालगाड़ी के दस डिब्बे पटरी से उतर गये। हादसे में किसी प्रकार की जनहानी नहीं हुई, हांलाकि इसके कारण दिल्ली और लखनऊ दोनों की रेललाइन बंद कर दी गयी । इस रेलखंड से गुजरने वाली अट्ठाइस रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया और छह रेलगाड़ियां निरस्त कर दी गयीं। हमारे प्रतिनिधि ने बताया है कि मुरादाबाद से दिल्ली की दिशा में जा रही यह मालगाड़ी अमरोहा रेलवे स्टेशन से आगे और कल्याणपुर फाटक के बीच में तेज आवाज के साथ पटरी से उतर गयी। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे, जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच कर स्थिति को सामान्य बनाने में जुट गये।

**********

कल से पवित्र श्रावस मास की शुरूआत हो रही है। इसे देखते हुए प्रदेश भर के शिव मंदिरों में तैयारियां पूरी की जा रही हैं। भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंग में से एक वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में इस माह में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। वहां पर मंदिर प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि सावन माह के दौरान सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी प्राप्त हुआ है।

*पूरे मंदिर परिसर में बैरीकेडिंग की जा रही है ताकि लाइन से श्रद्धालु जो है सुगम दर्शन कर सकें। दो एडिषनल एसपी, चार डिप्टी एसपी टैंक के अधिकारी इसके अलावा पीएससी, पैरा मिलिट्री फोर्स यहां पर तैनात रहेगी पूरे क्षेत्र को कई जोन और सेक्टर में डिवाइड किया गया है। जो में एडिषनल एसपी टैंक का अधिकारी नियुक्त होगा और जो हमारे सेक्टर्स हैं उसमें एसीपी यानी कि डिप्टी एसपी टैंक के अधिकारी नियुक्त किये जायेंगे। इसके अलावा ड्रोन से भी निगरानी होगी, जो संस्टिव प्वाइंट हैं वहां पर हमारे स्पेषल टीम्स हैं पुलिस भी वहां पर क्यूआरटी टीम्स तैनात रहेगी जिनके पास अत्याधुनिक हथयार रहेंगे। इसके अलावा भीड़ नियंत्रण के लिए महिला पुलिस को भी पर्याप्त संख्या में लगाया जा रहा है।*

उधर, वाराणसी में कई मार्गों पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होने के कारण वाराणसी स्कूल एसोसिएशन ने सावन के महीने में सोमवार को स्कूल बंद करने का फैसला किया है। इसकी जगह रविवार को स्कूल खोले जाएंगे।

**********

गुरू शिष्य की सुदीर्घ परम्परा को समर्पित गुरू पूर्णिमा का पर्व आज मनाया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मौके पर आज गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों को इस पर्व की बधाई देते हुए कहा है कि जीवन में गुरू के महत्व से भावी पीढ़ी को परिचित कराने के लिए यह एक आदर्श पर्व है।

**********